झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/31/21 – 25 ,राँची/दिनांकः 04/08/2021

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 21–22–23 में नामांकन लिये जाने से संबंधित सांकेतिक सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, रॉची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं पी0पी0पी0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 21–22–23 में नामांकन के लिए प्राप्त सहमति के आलोक में पर्षद द्वारा उपयुक्त आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

(क) सीट मेटल वर्कर, वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पलम्बर, वेल्डर, सीविंग टेक्नोलॉजी, कारपेन्टर एवं सर्फेस आर्नामेंटेशन टेकनिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्त्तीर्णता आवश्यक है।

(ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवीं (10वीं) कक्षा में उत्त्तीर्णता आवश्यक है।

3. **महत्वपूर्ण तिथियाँ :–**

क्र0 सं0	विवरण	तिथि
1.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की शुरूआत	05/08/2021
2.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की समाप्ति	20/08/2021
3.	औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	23/08/2021
4.	औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार (गलती होने की स्थिति में) हेतु पर्षद के e-mail id.- jceceboard@gmail.com पर साक्ष्य के साथ आपत्तियाँ दर्ज करने की अवधि	23/08/2021 से 26/08/2021
5.	अंतिम राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	29/08/2021

4. **आवेदन शुल्क :–**

क्र0 सं0	कोटि/कोटा	राशि	अभियुक्ति
1.	सामान्य (General)/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS)/पिछड़ी जाति–I(BC-I)/ पिछड़ी जाति–II(BC-II)	400.00	दिव्यांग आवेदकों को आवेदन शुल्क देय नहीं है।
2.	अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST)/सभी कोटियों की महिलायें (Female of all Categories)	200.00	

5. श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा पत्रांक 5/प्रशि0(प्रशि0)–02/2021– 592 दिनांक– 09.06.2021 के माध्यम से सूचित किया गया है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल

आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तन करने की अनुमति नहीं होगी।

6. यह केवल सांकेतिक सूचना है। नामांकन के संबंध में विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना यथा– आवासीय अर्हता, आयु–सीमा अर्हता, सैनिक कोटा आरक्षण, दिव्यांगों हेतु आरक्षण, मेधा–सूची के निर्माण इत्यादि हेतु विज्ञापन संख्या–जे.सी.ई.सी.ई.बी./31/21–24 दिनांक 04/08/2021 अवश्य देखें जो पर्षद के वेबसाईट http:jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम में जारी कर दिया गया है।

7. संशय/दुविधा की स्थिति में पर्षद कार्यालय के दूरभाष संख्या–9264473891 या 9264473893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

04/08/2021

रंजीता हेम्ब्रम, झा0प्र0से0
उप परीक्षा नियंत्रक